दै. भास्कर दि. 01.03.25

# पिस्तौल बेचने आए 2 को पुलिस ने किया गिरफ्तार

- **तीन पिस्तौल और सात जिंदा कारतूस जब्त**

**जिला संवाददाता | नांदेड़**

वजीराबाद पुलिस ने गुरुवार शाम आतिशबाजी मैदान में ग्रामीण पिस्तौल बेचने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके पास से एक लाख 22 हजार रुपए कीमत की तीन देसी पिस्तौल और सात जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। नांदेड़ शहर में कुछ अपराधी सक्रिय हैं जो ग्रामीण पिस्तौलें बेच रहे हैं। पुलिस ने ऐसे अपराधियों पर ध्यान केंद्रित कर उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। वजीराबाद पुलिस को सूचना मिली थी कि, आतिशबाजी



मैदान में दो ग्रामीण पिस्तौलें बिक्री के लिए आए है। पुलिस अधीक्षक अवनीश कुमार, अतिरिक्त पुलिस सुशील कुमार नायक के मार्गदर्शन मे वजिराबाद पुलिस स्टेशन के पुलिस निरीक्षक कदम व पुलिस कर्मचारियों ने गुरुवार सायं जाल बिछाकर गांवठी पिस्तौलें बिक्री के लिए आए हुए रोहित नरेंद्र ताटीपामुलवार (२०, अंबड ह.मु.भावेशनगर चौफाला, नांदेड) व भागवत विष्णु डोंगरे (३०, बाजीउमर जालना ह.मु. भावेशनगर, चौफाला) दोनों को नांदेड़ में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उनके पास से तीन पिस्तौल और सात जिंदा कारतूस जब्त किए। पुलिस जमादार शिवसांब मठपति की शिकायत के आधार पर वजीराबाद पुलिस स्टेशन में दो लोगों के खिलाफ भारतीय शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।